

# एकता हॉकर्स एसोसिएशन

## नियम पुस्तिका

एकता
हॉकर्स एसोसिएशन




# अंतर्वस्तु

**परिचय**
नटवर पारेख कॉलोनी में सड़क विक्रेताओं का इतिहास 4
समस्याएं जिनका सड़क विक्रेताओं को सामना करना पड़ता 6

**एकता हॉकर्स एसोसिएशन क्या है?** 8

**एसोसिएशन की सदस्यता**
संघ/एसोसिएशन का सदस्य कौन बन सकता है? 10
सदस्य कैसे बने? 10
किसी सदस्य की भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ क्या हैं? 11
सदस्यता कैसे निरस्त की जा सकती है? 12
गवर्निंग काउंसिल किसे कहते हैं? 12
गवर्निंग काउंसिल के लिए चुनाव मानदंड 13

**ईएचए द्वारा की गई गतिविधियाँ** 15

# परिचय




## नटवर पारेख कॉलोनी में सड़क विक्रेताओं का इतिहास

नटवर पारेख कॉलोनी **2007 में बनाई गई थी** और 2008 से इस बस्ती में रहने के लिए लोग आने लगे थे। यह कॉलोनी स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी (एसआरए) की स्लम रिहैबिलिटेशन स्कीम के तहत बनाई गई थी। इसको बनाने का उद्देश्य था कि मुंबई के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग बस्ती और फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को घर दिया जाए। 2008 और 2018 के बीच, पूरे मुंबई में से 10 से भी ज़्यादा, अलग-अलग स्थानों के झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोग नटवर पारेख कॉलोनी में आ गए थे और अभी फिलहाल यहाँ 59 इमारतों में से ज़्यादातर घरों में लोग रहते हैं।




जो लोग पहले बहुत ही बुरे और असुरक्षित परिस्थितियों में रहते थे वे कॉलोनी में रहने आए, और यहाँ आने पर उन्हें एक अच्छी रहने की जगह मिली। कई वर्षों के संघर्ष के बाद, सैकड़ों लोगों को पानी, बिजली और स्वच्छता की पहुंच मिली।

लेकिन कॉलोनी में आने का एकमात्र नुकसान यह था कि आबादी के एक बड़े हिस्से ने अपनी नौकरियाँ खो दी थी, जो ज्यादातर उनकी पिछली बस्तियों के आसपास, मुंबई शहर के मुख्य व्यावसायिक केंद्रों के करीब थे। कॉलोनी में आने के बाद, लोगों को काम करने के लिए लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ती थी, और यहां तक कि दिन की खरीदारी जैसी अन्य कामों के लिए भी काफ़ी दूर जाना पड़ता था।
2008 में लोग आने के बाद, नटवर पारेख कॉलोनी में सड़कों पर बिक्री जल्द ही शुरू हुई।

यह वहाँ के रहने वाले लोगों के लिए दो बहुत ही महत्वपूर्ण उद्देश्यों को पूरा करता है जैसे;

- जो लोग काम करने के लिए लंबी दूरी की यात्रा नहीं कर पाते हैं, उनके लिए यह एक काम करने का उपाय देता हैं। बस्ती में कई सड़क विक्रेता बुज़ुर्ग जोड़े और अकेली महिलाएं हैं।

- इससे बस्ती में फल, सब्जियों जैसे विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की आसान पहुँच लोगों को मिलती हैं। अगर ये सड़क विक्रेताओं द्वारा नहीं बेचा जाता, तो लोगों को आवश्यक चीजों के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती।

**2008 में लोग आने के बाद, नटवर पारेख कॉलोनी में सड़कों पर बिक्री जल्द ही शुरू हुई।**



## समस्याएं जिनका सड़क विक्रेताओं को सामना करना पड़ता है



सड़क विक्रेताओं ने निवासियों या सरकारी एजेंसियों के साथ किसी भी समस्या के बिना आठ साल से अधिक समय तक शांतिपूर्वक अपना काम किया हैं। 100 से अधिक सड़क विक्रेता, कॉलोनी के अंदर मुख्य पहुंच वाली सड़कों पर, विभिन्न प्रकार के दैनिक उपयोग की वस्तुएँ जैसे फल, सब्जियाँ, माँस, खाद्य और पेय पदार्थ बेचते हैं।

**100 से अधिक सड़क विक्रेता, कॉलोनी के अंदर मुख्य पहुंच वाली सड़कों पर, विभिन्न प्रकार के दैनिक उपयोग की वस्तुएँ बेचते हैं।**

अक्टूबर 2018 में, नटवर पारेख कॉलोनी के सड़क विक्रेता और अन्य निवासियों के बीच एक विवाद के दौरान एक व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मृत्यु हो गई। इसके चलते कॉलोनी में कुछ दिनों के लिए सारे काम पूरी तरह से बंद हो गए थे। इसके चलते, न केवल सड़क विक्रेताओं ने अपनी दैनिक आय खो दी, बल्कि अन्य सभी निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा और उन्हें दैनिक वस्तुओं को प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी।



कुछ दिनों के बाद, सड़क विक्रेताओं को वापस आने की अनुमति दी गई, लेकिन उन्हें हाथ गाड़ियों का उपयोग बंद करने के लिए कहा गया, और सड़क पर अपनी पिचों को स्थापित करने के लिए मजबूर किया गया।

कॉलोनी में सफाई और स्वच्छता प्रमुख मुद्दों में से एक है।सड़क विक्रेता जो ज़मीन पर बैठते हैं और बेचते हैं, वे सभी निवासियों के लिए एक स्वास्थ्य खतरा हो सकते हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में सड़क विक्रेताओं के लिए, एक गाड़ी के बजाय ज़मीन से पिचों को हटाना और अपने जगह को खाली करना मुश्किल हो जाता है।

**कॉलोनी में सफाई और स्वच्छता प्रमुख मुद्दों में से एक है।**

सड़क विक्रेता शांतिपूर्वक कॉलोनी में काम कर रहे हैं और भविष्य में भी जारी रहना चाहते हैं। वे कॉलोनी के बाकी निवासियों के लिए असुविधा पैदा किए बिना उनके कामों की रक्षा करना चाहते हैं। लेकिन वे ज़रूरी चीज़ें जैसे हाथ गाड़ियों का उपयोग और उनकी पहुंच की अनुमति चाहते हैं।



# एकता हॉकर्स एसोसिएशन क्या है?



एकता हॉकर्स एसोसिएशन सड़क विक्रेताओं का एक समूह है जो नटवर पारेख कॉलोनी के अंदर सामान बेच रहे हैं। **यह सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860** के तहत एक सोसायटी के रूप में रजिस्टर किया गया है।

हालाँकि, मुंबई में ऐसे कई सारे सड़क विक्रेता यूनियन/संघ और निकाय हैं जो सड़क विक्रेताओं द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों पर काम कर रहे हैं, लेकिन एसआरए कॉलोनियों में स्ट्रीट वेंडिंग के मुद्दों को अभी तक स्पष्ट और संबोधित नहीं किया गया है। एसआरए कॉलोनियों के सड़क विक्रेताओं द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दे अनोखे प्रकार के हैं क्योंकि **स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट, 2014** के तहत उन्हें अधिकार कैसे दिए जाते हैं, इसके बारे में अस्पष्टता है।

**एसआरए कॉलोनियों में स्ट्रीट वेंडिंग के मुद्दों को अभी तक स्पष्ट और संबोधित नहीं किया गया है।**



यह नियम/एक्ट सड़क विक्रेताओं को सार्वजनिक स्थानों पर व्यापार करने का अधिकार देता है और उनके हितों की रक्षा के लिए ज़रूरी सुरक्षा उपायों को लागू करता है और साथ ही उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को भी पूरा करता है।

हालाँकि, **नटवर पारेख कॉलोनी में एक टीयर -3 शहर की आबादी है**, लेकिन इस आबादी को बनाए रखने के लिए उनको कोई सहायता नहीं मिलती है। कॉलोनी में निवासियों के लिए कोई स्कूल, स्वास्थ्य सेवा केंद्र या बाज़ार नहीं है और ज़्यादातर ज़रूरतें चेंबूर के स्कूलों, अस्पतालों और बाजारों से पूरी होती है। निवासियों के कुछ आवश्यक ज़रूरतें पूरा करने में सड़क विक्रेताएं एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

एकता हॉकर्स एसोसिएशन का गठन नटवर पारेख कॉलोनी के सभी सड़क विक्रेता के अनोखे मुद्दों के समाधान के लिए बनाया गया है और इसके निम्नलिखित उद्देश्य होंगे:

एकता
हॉकर्स एसोसिएशन

1. **सड़क विक्रेताओं के हितों की रक्षा के लिए, जो ईएचए के सदस्य हैं।**
2. **कॉलोनी के अंदर स्ट्रीट वेंडिंग को नियंत्रित करने के लिए।**
3. **यह सुनिश्चित करने के लिए कि सड़क विक्रेता एक आचार नियमावली (कोड ऑफ कांडक्ट) का पालन करे जो कॉलोनी फेडरेशन द्वारा स्वीकार और अनुमोदित किया गया हैं।**
4. **कॉलोनी के अंदर सड़क विक्रेताओं द्वारा उत्पीड़न के किसी भी रूप को संबोधित करने के लिए।**

# एसोसिएशन की सदस्यता



### संघ/एसोसिएशन का सदस्य कौन बन सकता है?

- कोई भी सड़क विक्रेता जो **तीन महीने से अधिक समय से नटवर पारेख कॉलोनी की सीमा के अंदर बेच रहे है**, वह संघ का हिस्सा बनने के योग्य है।
- सड़क विक्रेता **नटवर पारेख कॉलोनी के निवासी होने चाहिए।**सड़क विक्रेता फ्लैट के मालिक या किराएदार हो सकते है।
- सड़क विक्रेता की **उम्र 18 वर्ष से अधिक** होनी चाहिए।
- **घर के केवल एक सदस्य** संघ का हिस्सा बनने के योग्य है।

### सदस्य कैसे बने?

1. कोई भी सड़क विक्रेता जो सदस्य बनने के योग्य है, वह गवर्निंग काउंसिल के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकते है।

- उन्हें **एक बार 250 रु की सदस्यता शुल्क** और उसके बाद **100 रु की मासिक शुल्क** जमा करनी होगी।

2. सदस्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर, संबंधित सदस्य ईएचए द्वारा आयोजित सभी आम सभा/जनरल बॉडी मीटिंग्स, गतिविधियों और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए पात्र हो जाएंगे।

### किसी सदस्य की भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ क्या हैं?

1. सदस्य ईएचए द्वारा निर्धारित आचार नियमावली का पालन करेंगे।
2. सदस्यों को कम से कम ईएचए की गवर्निंग काउंसिल द्वारा आयोजित आम सभा/जनरल बॉडी की एक तिहाई बैठकों में भाग लेना होगा।
3. यह सदस्य की ज़िम्मेदारी होगी कि वह गवर्निंग काउंसिल के सामने, कॉलोनी के सड़क विक्रेताओं के कारण या उनके लिए उत्पन्न किसी भी मुद्दे, समस्याओं या संघर्षों को उजागर करेंगे।
4. सदस्य समय पर अपने मासिक शुल्क का भुगतान करेंगे।
5. सदस्य किसी भी बैठक, घटना या गतिविधि से अनुपस्थिति के अपने अवकाश के बारे में सूचित करेंगे।
6. यदि किसी कारण से, कोई सदस्य अनुपस्थिति की लंबी छुट्टी लेते है, और इसके दौरान स्ट्रीट वेंडिंग/सड़क पर बेचने को रोकने का निर्णय लेते है, तो उन्हें गवर्निंग काउंसिल को सूचित करना होगा ताकि उनका निर्दिष्ट स्थान किसी और द्वारा न लिया जाए।
7. सदस्य अपने निर्दिष्ट स्थान से बेचेंगे, जो की परिषद द्वारा सूचित और अनुमोदित किया गया है।
8. सदस्य को यह याद रखना चाहिए कि वेंडिंग /बेचने के लिए उन्हें नियत किया गया स्थान, एक साझा स्थान है जो समुदाय से संबंधित है।
9. सदस्य उनके बेचने के स्थान पर अपना हक़ नहीं जता सकते और उन्हें किसी भी स्थायी संरचना को बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
10. सदस्य केवल एक अस्थायी गाड़ी / संरचना का उपयोग कर सकते हैं, जिसे दिन के अंत में या सड़क पर किसी भी आपात स्थिति में हटाया जा सकता है।
11. सदस्य को अपना आस-पास का परिवेश साफ रखना चाहिए और रिपोर्ट करना चाहिए यदि कोई अन्य सदस्य या निवासी आस पास कूड़ा डाले या गंदा करें।

## सदस्यता कैसे निरस्त की जा सकती है?

**गवर्निंग कांउसिल किसी भी सड़क विक्रेता की सदस्यता रद्द कर सकते है यदि-**

- सदस्य किसी भी असामाजिक गतिविधियों में पढ़कर आचार नियमावली/कोड ऑफ कांडक्ट का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं तो गवर्निंग कांउसिल, सामान्य सभा/जनरल बॉडी से बातचीत के बाद सदस्य की सदस्यता रद्द कर सकते हैं।
- सदस्य ईएचए द्वारा आयोजित बैठकों / कार्यक्रमों / गतिविधियों में कम से कम एक तिहाई भाग लेने में असफल हो।
- सदस्य लगातार तीन महीनों के लिए सदस्यता शुल्क को भरने में असफल हो।
- सदस्य किसी भी गतिविधियों में शामिल हो जिससे कॉलोनी में आजीविका और सड़क विक्रेताओं की भलाई के लिए खतरा हो।

## गवर्निंग कांउसिल किसे कहते हैं?

- गवर्निंग कांउसिल ईएचए का प्रतिनिधित्व करने के लिए सड़क विक्रेताओं का एक निर्वाचित निकाय है।
- गवर्निंग कांउसिल में **11 सदस्य** शामिल होते हैं जो **3 वर्ष की अवधि** के लिए सामान्य सभा/जनरल बॉडी द्वारा चुने जाते हैं।
- गवर्निंग कांउसिल में **एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और परिषद सदस्य** शामिल होते हैं।
- गवर्निंग कांउसिल ईएचए की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों को देखने और यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि ईएचए अपने सभी सदस्यों की भलाई के लिए काम कर रहे है।
- गवर्निंग कांउसिल के पास सामान्य सभा/जनरल बॉडी के समर्थन और सबकी सहमति के साथ परिषद में सदस्यों की भलाई से संबंधित प्रस्तावों को पारित करने की शक्ति होगी।
- गवर्निंग कांउसिल पैसे और पैसों के ऑडिट के रखरखाव के लिए जिम्मेदार होगी।
- यह एक सामान्य सभा/जनरल बॉडी बैठक और हर महीने परिषद की बैठक को आयोजित करने के लिए जिम्मेदार होगी।





गवर्निंग कांउसिल के वर्तमान सदस्य

**ईएचए का गवर्निंग कांउसिल**

11 सदस्य सामान्य सभा/जनरल बॉडी द्वारा चुने जाते हैं।

**कांउसिल सदस्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कोषाध्यक्ष** | **उपाध्यक्ष** | **अध्यक्ष** | **सचिव** |

## गवर्निंग कांउसिल के लिए चुनाव मानदंड

- ईएचए का कोई भी सामान्य सभा सदस्य गवर्निंग कांउसिल की सीट के लिए खड़ा होने के लिए पात्र है।
- **हर ३ साल में चुनाव होंगे।**
- चुनाव का तरीका सामान्य सभा की बैठक में तय किया जा सकता हैं।
- किसी भी गवर्निंग कांउसिल के सदस्य द्वारा गैर-प्रदर्शन या आचार नियमावली/कोड ऑफ कांडक्ट के उल्लंघन के मामले में, आम सभा की बैठक में कांउसिल के सदस्य उनको हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव शुरू कर सकते हैं।
- खाली सीट भरने के लिए मिडटर्म चुनाव कभी भी आयोजित किया जा सकता हैं।

# ईएचए द्वारा की गई गतिविधियाँ



गवर्निंग काउंसिल उप-समितियाँ बनाएगी जो निम्नलिखित मुद्दों पर काम करेंगी। इन उप-समितियों में से प्रत्येक का संचालन गवर्निंग काउंसिल के सदस्यों में से एक द्वारा किया जाएगा और इसमें सामान्य निकाय सदस्य भी शामिल होंगे।

## सफाई और स्वच्छता

ईएचए अपने सदस्यों द्वारा उपयोग की गई गलियों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होगा। एक स्वच्छता समिति का गठन किया जाएगा, और स्वच्छता और सफाई से संबंधित सभी मुद्दों पर गौर करना होगा। इस उप-समिति को स्वच्छता बनाए रखने के लिए गतिविधियों का संचालन करने के लिए एक बजट भी दिया जायेगा।



बिक्री सड़कों को साफ रखें






गंदगी न फैलाएं





कचरे के निपटान के लिए डस्टबिन का उपयोग करें

## संघर्ष समाधान


ईएचए के तहत एक संघर्ष समाधान समिति बनाई जाएगी, जो सड़क विक्रेताओं के बीच या कॉलोनी में किसी तीसरे पक्ष के साथ सभी संघर्षों पर गौर करेगी। यह समिति सभी संघर्षों का सभ्य तरीके से समाधान करेगी।




1. संघर्ष पैदा होता है



2. समिति को शिकायत दर्ज कराई



3. समिति स्थिति का आकलन करने के लिए बैठक करती है




4. समझौता हुआ और संघर्ष सुलझ गया



## जगह का प्रभंद और देखभाल

सभी स्ट्रीट वेंडर अपने निर्धारित स्थान से ही काम करेंगे और इसे साफ रखने के लिए जिम्मेदार होंगे, और यह सुनिश्चित करेंगे की गली के अन्य उपयोगकर्ताओं को असुविधा नहीं हो। प्रत्येक स्ट्रीट वेंडर द्वारा अपनी जगह के उपयोग से संबंधित कोई भी परिवर्तन गवर्निंग काउंसिल को सूचित करेंगे।



प्रत्येक स्ट्रीट वेंडर को वेंडिंग के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र आवंटित किया जाएगा



मुख्य बिक्री सड़क की वास्तविक छवि

CURRY
STONE
DESIGN
COLLABORATIVE